tapman

तापमान
अधिकतम 34 .0 डिग्री
न्यूनतम 17 .0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, सोमवार, 8 अप्रैल 2024

11 इस्कॉन ने मोक्ष वृद्धाश्रम में आयोजित किया संकीर्तन



12 नई सड़क पर अव्यवस्था का आलम, राहगीर परेशान



## खबर संक्षेप

### सतरोल खाप की पंचायत कल उगालन में

**नारनौंद।** सतरोल खाप की पंचायत मंगलवार को गांव उगालन में आयोजित की जाएगी। खाप के प्रवक्ता पार्षद संजय खरब ने जानकारी देते हुए बताया कि सतरोल खाप के उगालन तपे की पंचायत मंगलवार को तपे के प्रधान बलवंत धर्मखेड़ी की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी जिसमें खाप के प्रधान दलबीर सिंह भी मौजूद रहेंगे। पंचायत में माजरा प्याऊ पर बनने वाले खाप के चबूतरे के बारे में योजना तैयार की जाएगी। वहीं समाज में फैली बुराइयों को मिटाने के लिए भी चर्चा करके अभियान चलाया जाएगा। खाप के तरफ से अलग अलग गांव में जागरुकता अभियान चलाया जाएगा ताकि युवाओं को इससे दूर रखा जा सके।

### इन्वर्टर व बैटरी चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**हिसार।** सदर थाना पुलिस ने गांव तलवंडी राणा स्थित एक घर से इन्वर्टर व बैटरी चोरी के मामले में गांव के ही अनवर को गिरफ्तार किया है। एएसआई दिनेश कुमार ने बताया कि आरोपी अनवर ने अपने दो और साथियों के साथ मिलकर तलवंडी राणा निवासी उमेद सिंह के घर से इन्वर्टर और बैटरी चोरी की थी। इस पर उमेद सिंह ने सदर थाना में शिकायत दी थी। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी अनवर अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### सामान चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**हिसार।** आजाद नगर थाना पुलिस ने गंगवा ढाणी स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला की रसोई व स्टोर से सामान चोरी के मामले में हांसी के सन्नी उर्फ गंजा को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही जगतार सिंह ने बताया कि इस संबंध में स्कूल में कार्यरत जेबीटी टीचर सतीश कुमार ने स्कूल की रसोई और स्टोर से सामान चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। शिकायत में टीचर ने बताया कि जब वे 21 मार्च की सुबह स्कूल आए तो स्कूल की रसोई और स्टोर के ताले काटकर किसी अज्ञात ने काफी सामान चोरी कर लिया। शिकायत पर केस दर्ज करके पुलिस ने सन्नी उर्फ गंजा को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा आरोपी से चोरीशुदा सामान पहले ही बरामद किया जा चुका है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

### 48 बोतल 71 पव्वे अवैध शराब सहित दो दबोचे

**हिसार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए पीएलए चौकी पुलिस ने पटेल नगर से दो व्यक्तियों को काबू कर 48 बोतल और 71 पव्वे अवैध शराब शराब बरामद की है। एएसआई मेनपाल ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर पटेल नगर निवासी मनोहर लाल और हिमांशु को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर दोनों के कब्जे से 48 बोतल 71 पव्वे अवैध शराब बरामद हुई।

## मामले के दो मुख्य आरोपी सीआईए के हत्थे चढ़े

# मेडिकल हॉल संचालक से रंगदारी मांगने के मामले का पटाक्षेप

- मेडिकल स्टोर संचालक से पैंसे ऐठने की थी आरोपियों की मंशा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

पुलिस की अपराध शाखा ने मिलगेट क्षेत्र स्थित श्री गणेश मेडिकल हॉल पर फायरिंग करके संचालक सचिन बंसल से 20 लाख की रंगदारी मांगने के मामले का पटाक्षेप कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में अनेक मामले दर्ज हैं।

पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता ने बताया कि पकड़े गए युवकों में भारत नगर निवासी विकास उर्फ चोटी और टिब्बा दानाशेर निवासी समीर उर्फ मोटा मुल्ला शामिल है। उन्होंने बताया कि दोनो आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ योजना बनाकर दो अप्रैल की शाम को श्री गणेश मेडिकल हाल के मालिक सचिन को एक पर्ची देकर 20 लाख की रंगदारी मांगी थी और उसे डराने के इरादे से दुकान के सामने हवाई फायर किए। इस वारदात के बाद आरोपियों ने 12 क्वार्टर रोड पर स्थित एक डेयरी पर बैठी डेयरी संचालिका से पिस्तोल के बल पर हर महीने पांच लाख की फिरौती मांग दुकान पर ईंट मार वहां से फरार हो गए।



**हिसार।** पुलिस गिरफ्त में रंगदारी मांगने के आरोपी। फोटो : हरिभूमि

वारदात की सूचना मिलने पर ही पुलिस टीमें मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज सहित महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सीआईए, स्पेशल स्टाफ सहित पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों के प्रयास से दोनों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी मेडिकल स्टोर संचालक से पैंसे ऐठना चाहते थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी आठवीं कक्षा तक पढ़े लिखे है और कोई काम धंधा नहीं करते। आरोपियों की आपराधिक पृष्टभूमि रही है। इन पर छीना झपटी, लूट, लूट का प्रयास, लड़ाई झगड़े, हवाई फायर, छेड़छाड़, पॉक्सो और फिरौती मांगने के अनेक केस दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में प्रयोग अवैध पिस्तौल बरामद की है और उनसे पूछताछ जारी है।

### छीना झपटी मामले में मिले सुराग

कुछ दिन पहले हुई छीना झपटी की घटनाओं के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि सभी घटनाओं में पुलिस को अहम सुराग मिले है। पिछले वर्ष के मुकाबले छीना झपटी की घटनाओं में कमी आई है। हाल ही में हुई घटनाओं में आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। इसके अलावा पेट्रोलिंग पार्टियों को निर्देश दिए गए है कि वे सबसे व्यस्तम समय में राजगुरु मार्केट सहित भीड़ भाड़ वाले इलाकों में प्रभावी गश्त कर घटनाओं पर रोक लगाए। बाकी सभी आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### थाना व चौकी प्रभारियों को दिए निर्देश

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी आदतन अपराधियों की सूची के साथ सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जो भी लगातार दबंगई, मारपिटाई और गंभीर अपराधों में संलिप्त हैं, उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार करें ताकि वे आगे किसी भी घटना को अंजाम न दे सके।

# दुकान से नोटों की माला चोरी करने वाले को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

शहर थाना पुलिस ने दुकान बाहर लटक रही नोटों की माला चोरी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान मुल्तान कॉलोनी निवासी लोकेश उर्फ नोनी के रुप में हुई है।

मामले की जानकारी देते हुए शहर थाना पुलिस हांसी में तैनात मुख्य सिपाही सत्यवान ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने शनिवार को अपने दोस्त के साथ मोटरसाइकिल सवार होकर चौपटा बाजार स्थित वीरेंद्र सिंह नुनिया राम की दुकान के बाहर लटक रही ढाई हजार रुपए की नोटों की माला तोड़कर भाग निकले थे, लेकिन पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को चुराई गई नोटों की माला के साथ गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



**हांसी।** नोटों की माला चुराने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

# अस्पताल से ऑक्सीजन पाइप चोरी के मामले में काबू, पाइप बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने सीएमसी अस्पताल से ऑक्सीजन की तांबे से बनी पाइप लाइन चोरी के मामले में मोहल्ला सैनियांन निवासी अभिमन्यु उर्फ मन्नू को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही जयप्रकाश ने बताया कि आरोपी ने 4 अप्रैल की शाम को सीएमसी अस्पताल के तीसरी मंजिल पर लगी तांबे से बनी लगभग 20 फुट लंबी ऑक्सीजन पाइपलाइन काटकर चोरी की थी। इसके बारे में सीएमसी अस्पताल कर प्रशासक पवन कुमार ने शिकायत दी थी। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा पाइप लाइन बरामद की है।

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आरोपी पर पहले भी चोरी के 4 और अनाज मंडी हिसार से रुपए छीनने का एक केस दर्ज है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# हांसी में बदमाशों ने दिनदहाड़े आरा मशीन में घुसकर मालिक को पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

- आरा मालिक को बचाने आए कर्मचारियों के साथ भी की मारपीट

नेहरु कॉलेज रोड़ स्थित एक आरा मशीन पर रविवार दोपहर बदमाशों का तांडव देखने को मिला। लकड़ी व लोहे की रॉड से लैस 6-7 बदमाशों ने आरा मशीन में बैठे आरा मशीन मालिक गुरदयाल और उसके दो कारिंदों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। आरा मालिक के साथ की गई मारपीट गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। आरा मशीन मालिक को घायल कर हमलावर युवक साथ लगती गली से फरार हो गए। हमलावरों के फरार होने के बाद आसपास के लोगों ने आरा मशीन मालिक गुरदयाल व उसके दोनों कारिंदों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने आरा मशीन मालिक गुरदयाल की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर कर दिया। बदमाशों द्वारा आरा मशीन मालिक पर हमला किए जाने की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर मामले की जांच आरंभ कर दी है। मामले की जानकारी देते हुए आरा मशीन के मालिक गुरदयाल के भाई नवीन मेहरा ने बताया कि उसके पास भतीजे सोमबीर का फोन आया था कि चाचा गुरदयाल पर पड़ोस में रहने वाले 7-8 युवकों ने आरा मशीन के अंदर घुस कर लाठी डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया।



**हांसी।** आरा मशीन मालिक गुरदयाल को हिसार ले जाते परिजन। फोटो : हरिभूमि

# किसानों की रिहाई के लिए पारिजात चौक पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

- शंभू बार्डर पर रेलवे ट्रैक जाम करने की दी चेतावनी

संयुक्त किसान मोर्चा, गैर राजनीतिक और किसान मजदूर मोर्चा के आह्वान पर जेल में बंद किसानों की रिहाई के लिए रविवार को कई किसान संगठन व किसान क्रांतिमान पार्क में इकट्ठे हुए। इसके बाद सभी ने किसान चौक से पारिजात चौक तक रोष मार्च करके भाजपा सरकार का पुतला दहन किया।

प्रदर्शन कर रहे किसान नेताओं ने सरकार से मांग की कि कथित रूप से झूठे मामले दर्ज करके गिरफ्तार किसानों को जल्द से जल्द बिना शर्त रिहा किया जाए। किसानों ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही किसानों को रिहा नहीं किया तो 9 अप्रैल को शम्भू बॉर्डर पर रेलवे ट्रैक को जाम किया जाएगा और उसके बाद भी किसानों को रिहा न किए जाने पर आगामी दिनों में रेल रोकने के स्थान बढ़ाए जा सकते हैं।

किसान नेताओं ने कहा कि एमएसपी समेत पिछले किसान आंदोलन की सरकार द्वारा मानी गई तमाम अधूरी मांगों को पूरा करवाने और तमाम अन्य मुद्दों को लेकर गत 13 फरवरी से खनौरी बॉर्डर, शंभू बॉर्डर, डबवाली बॉर्डर और रतनपुरा बॉर्डर पर जारी किसान आंदोलन में प्रदेश सरकार द्वारा किसानों पर ही बहुत से झूठे मुकद्दमे दर्ज करके हरियाणा में सैंकड़ों किसानों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से 3 किसान अभी भी जेल में बंद हैं।



**हिसार।** पारिजात चौक पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते किसान नेता। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर हर्षदीप गिल, दशरथ मलिक, शमशेर नंबरदार, दिलबाग सिंह हुड्डा, कुलदीप खरड़, राजू खरड़, बिंदर खोखा, जगबीर ढंडेरी, अनिल बैंदा, सुरेंदर मान, बिमला तरड़, हवा सिंह भकलाना, जयपाल सिंधु, मांगेराम भाकर, राजेश शर्मा, सीनू काजला, विजय भांभू, नसीब सातरोड, संजय डाया, विजयपाल माजरा, दिलबाग माजरा, देवेंदर लौरा, काला सिसाय, कृष्ण देपल, रमेश मलिक, कृष्ण पाली, जगदीप सांगवान, सोमबीर भगाणा, राजेश मोर, चिंटू खरड़ आदि मौजूद रहे।

# प्रचंड बहुमत के साथ बनेगी भाजपा की सरकार : डॉ. गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि देश की जनता प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाने जा रही है। युवाओं की भागीदारी इसमें प्रमुख रूप से रहेगी। मंत्री डॉ. गुप्ता अपने आवास पर भाजपा में शामिल होने वाले युवाओं को संबोधित कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले सभी युवाओं को पार्टी में पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। देश का भविष्य आपके कंधों पर है। समाज के सभी वर्गों के साथ-साथ देश का युवा भारत की आशाओं और आंकक्षाओ से जुड़ चुका है। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन चुनावों के दृष्टिगत जो भी जिम्मेवारी सौंपेगा उसका पूरी निष्ठा और जिम्मेवारी के साथ निर्वहन करेंगे। मौके पर मीडिया प्रभारी सुरेश गोयल धूप वाला, मंडल अध्यक्ष लोकेश असीजा, पूर्व चेयर मेन महावीर जांगड़ा, मनोज बुडाकिया, सुनील चायपत्ती, केपी गुप्ता, गगन शर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।



**हिसार।** युवाओं को संबोधित करते स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

# पुत्र व पोत्री ने वृद्धा को पीटा, कान काट डाला

- महिला को गंभीर हालत में करवाया अस्पताल में भर्ती

**हिसार।** जिले के कस्बे बरवाला के वार्ड 12 स्थित एक वृद्धा पर उसकी पुत्र व पोत्री ने चप्पल चोरी का आरोप लगाते हुए मारपीट की और कान काट दिया। महिला को उपचार के लिए जिले के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। चाकू के वार से महिला का कान अलग हो गया। बरवाला में वार्ड नंबर 12 में रहने वाली 75 साल की अंगूरी ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह घरेलू कार्य करती है। उसके पति का स्वर्गवास हो चुका है और उसके चार बेटे है। इनमें बड़ा रामनिवास, उससे छोटा सुभाष, उससे छोटा सूरजभान व सबसे छोटा राजेश था। सूरजभान व राजेश का स्वर्गवास हो चुका है। वह सूरजभान की पत्नी व बच्चों के साथ रहती है। परिवार में पुत्र वधू सरोज, पोते अंशुल व रवि हैं। उसने बताया कि उसका बेटा सुभाष दो किलोमीटर दूर किसान कालोनी बरवाला में परिवार सहित रहता है। उसके परिवार में उसकी पत्नी भतेरी व तीन लड़की बबीता, बिन्दू वा कौशल्या हैं। कौशल्या अविवाहित है। दोनों बड़ी पोती शादीशुदा हैं। उसने बताया कि शनिवार सुबह 7.30 बजे वह घर पर थी। पोता अंशुल नहा रहा था जबकि पुत्र वधु सरोज व पोता रवि खेत में गेहू काटने गए थे। अंगूरी के अनुसार उस दौरान बेटा सुभाष व पोती कौशल्या मोटरसाइकिल पर आए और अंदर आते ही उसे चप्पलों से पीटने लगे। दोनों उसे बाहर खींचकर ले आये और जबरदस्ती मोटरसाइकिल पर बैठाकर अपने घर पर ले गये। वहां पर पोती बिंदू व उसका पति डांगरा निवासी रविन्द्र, पुत्रवधु भतेरी थी। सुभाष व पोती बिन्दू व कौशल्या उसे फिर से चप्पलों से पीटने लगे। वे कह रहे थे कि उसने बेटे सुभाष की एक चप्पल चोरी की है। पोती उसे बुरी तरह से पीट रही थी और रविंद्र व भतेरी बैठे देखते रहे। उसने बताया कि इस बीच बिंदू ने उसकी गर्दन दबाकर चाकू से बायां कान काट दिया। कान का टुकड़ा उसके हाथ में दे दिया।

# गाड़ियों के शीशों पर ब्लैक फिल्म लगाने वालों के खिलाफ चलाया अभियान

- हांसी पुलिस ने ब्लैक फिल्म लगी 4 गाड़ियों के किए चालान
- ब्लैक फिल्म लगाना यातायात नियमों के खिलाफ : एसपी

**हांसी।** पुलिस ने रविवार को ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस द्वारा गाड़ी के शीशों पर ब्लैक फिल्म लगी हुई 4 गाड़ियों के चालान किए है और ब्लैक फिल्म को मौके पर ही गाड़ी के शीशे से उतारा गया। पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने बताया कि ब्लैक फिल्म लगाना यातायात नियमों के खिलाफ है, जिसके लिए हरियाणा पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया है। इस संबंध में यातायात पुलिस व थाना प्रबंधकों तथा चौकी प्रभारियों को आदेश दिए गए हैं कि अगर कोई भी वाहन चालक अपनी गाड़ी पर ब्लैक फिल्म लगाए हुए मिलता है तो उसके खिलाफ मोटरवाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उनके चालान किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चालक गाड़ियों में काले शीशे नहीं लगवा सकते। क्योंकि ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों का इस्तेमाल आपराधिक कामों में हो सकता है। इसलिए कार के शीशों पर काली फिल्म लगाना यातायात के नियमों के विरुद्ध है। इसके लिए विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत पुलिस ने ब्लैक फिल्म लगी चार गाड़ियों के मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान कर ब्लैक फिल्म उतारी गई।



**हांसी।** गाड़ी के शीशे पर लगी काली फिल्म को उतारते पुलिस कर्मी।

## सभी पार्टियों व उम्मीदवारों को समान रूप से प्रचार करने का अधिकार : एसपी

# लोकतांत्रिक ढंग से करें विरोध, नहीं तो होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा कि सभी पार्टियों और उम्मीदवारों को समान रूप से प्रचार करने का अधिकार है। पुलिस और जिला निर्वाचन अधिकारी की यह भूमिका है कि चुनाव प्रचार समान तरीके और चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार हो। ऐसी बातें सामने आई है कि उम्मीदवारों का विरोध किया जा रहा है। विरोध लोकतांत्रिक तरीके से हो, उसका प्रावधान है और उसके अतिरिक्त कोई भी उपद्रव करता है, हिंसा करता, किसी को उसके जायज प्रचार में रोकता है तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके बारे में फील्ड स्टाफ को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी प्रकार से लोकतांत्रिक चुनाव प्रचार की प्रकिया में रोक लगाता है तो चुनाव आयोग की गाइडलाइन और कानूनी प्रावधानों के तहत कानूनी कार्रवाई करे।

### जनता से की वोट की ताकत का इस्तेमाल की अपील

*पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की कि वे अपने वोट की ताकत से किसी का भी पक्ष या विरोध करें और किसी भी प्रकार की हिंसा या उपद्रव में हिस्सा न लें। हरियाणा में छठे चरण में चुनाव है। हिसार में इंटर स्टेट नाकाबंदी और एरिया डॉमिनेशन के लिए दो कंपनी अर्ध सैनिक बल मौजूद है, जिनका सभी इलाकों से परिचय करवाया जा रहा है। आमजन में भी संदेश दिया जा रहा है कि हमारी कानून व्यस्था पूर्ण रूप से सामान्य है। आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को भी संदेश है कि वे किसी भी प्रकार की अपराधिक प्रवृत्ति से बचें। पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चाक चौबंद है और अर्ध सैनिक बल मौजूद है। अगर कोई भी किसी प्रकार की हरकत करता है तो उसके खिलाफ सख्त कारवाई की जाएगी।*



***नशे के खिलाफ प्रमुखता से की जा रही कार्रवाई:*** पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशे के खिलाफ जिला और राज्य स्तर पर एक्शन प्लान के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसमें हिसार रेंज और जिला पुलिस की और से निरंतर नशे से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए कार्रवाई चल रही है।

साथ ही जो नशे के कारोबार में संलिप्त है उनके खिलाफ जिला पुलिस के साथ विभिन्न एजेंसी एचएसएनसीबी, एसटीएफ उनकी पहचान कर लगातार कार्रवाई कर रही है। कुछ मामलों में जिनमें कोई मृत पाया गया उनमें मृतक का पोस्टमार्टम एक स्पेसिफिक तरीके से किया जाएगा। डॉक्टर को भी यही कहा जाएगा कि अगर किसी प्रकार से नशे के कारण उसकी मृत्यु हुई है तो उसके कारण का पता करें, पूरी तह तक जाकर कि कौन उसको मौत का जिम्मेवार है। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# साहित्य

*जो मनुष्य परमात्मा का ज्ञान प्राप्त कर लेता है, वह परमात्मा का ही स्वरूप बन जाता है और इस तरह सिद्ध है कि गुरु के आसन पर मनुष्य नहीं किन्तु परमात्मा स्वयं आसीन रहते हैं।*
**-सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'**



*मैं जानता था कि हर आदमी को अपनी उच्च जाति का अभिमान होता है। उसे वह न तो छिपा पाता है और न ही दबा पाता है। बहुत कम लोग होते हैं जो अपनी जाति पर अभिमान नहीं करते और जातिगत भेदभाव भी नहीं करते, लेकिन यह सामाजिक विषमता जनमानस में गहरी पैठ बनाए हुए है।*



कहानी | डॉ. रमेशचंद्र

# तेरी औकात मेरी औकात

उन दिनों मैं काम की तलाश में भटक रहा था। मुझे कोई काम नहीं मिल रहा था। हार कर मैंने यह तय कर लिया कि मुझे छोटा मोटा जो भी काम मिल जाएगा, मैं कर लूंगा। भूखों मरने से तो अच्छा है कि कुछ कमाकर भूख मिटाऊं। मैं पढ़ा लिखा नौज़वान था, लेकिन दलित समाज का होने के कारण हर जगह से दुत्कार दिया जाता था। इस कारण ढंग का कहीं भी काम नहीं पाता था। आखिर मुझे एक भले आदमी ने काम दिया। वह काम था मज़दूरी करने का। उसके मकान का काम चल रहा था, इसलिए उसने मिस्त्री के कहने पर काम पर रख लिया। मैं मिस्त्री के अधीन काम करने लगा। उसके कहने पर ईंट तगारी में भर कर लाता और मिस्त्री को दे देता। मिस्त्री उससे दीवार बनाता। कभी कभी सीमेंट और रेती मिला कर ईंट जोड़ने का मसाला भी बनाता। मुझसे जो भी करने को कहा जाता कर देता। मेरा यह काम कुछ दिनों तक चलता रहा।



धीरे-धीरे मैं मिस्त्री का हेल्पर बन गया। फिर जब उस व्यक्ति का मकान बन गया तो मिस्त्री का काम खत्म हो गया और साथ में मेरा भी। मिस्त्री ने मुझे आश्वस्त किया कि कहीं भी उसे काम मिलेगा तो वह उसे बुला लेगा और अपने साथ काम पर रख लेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मुझे तो काम करना था कोई भी काम, इसलिए मैं किसी का सामान उठा कर रेलवे स्टेशन ले आता तो किसी का ठेला चलाकर मज़दूरी करता। इस तरह थोड़ा कमाकर अपना पेट भर लेता था, लेकिन इस तरह की छुट्टी मज़दूरी करके अपना पेट अधिक समय तक तो भर नहीं सकता था। मुझे किसी स्थायी काम की तलाश थी।

आखिर खोजबीन करने पर एक आफिस में मुझे झाड़ू लगाने का काम मिल गया तो वही करने लगा। थोड़े दिन तक वह काम करता रहा फिर उस भले आदमी ने अपने घर के काम के लिए रख लिया। उसका बाज़ार से सामान लाना, आटा पिसा कर चक्की से लाना, फिर उसके बच्चे को स्कूल छोड़ने और लाने का काम करता, लेकिन पैसा उतना ही मिलता, जितना कि एक नौकर को या मज़दूर को मिलता है। काम पर रखने वाले भी पहले मेरी जाति और धर्म पूछते तभी काम पर रखते। जैसै ही मेरी जाति का पूछते मैं अपनी दलित जाति बता देता तो वे तुरंत मुझे अपने काम से हटा देते। इस तरह कितनी ही जगह से मुझे निकाल दिया गया।

आखिर बहुत भटकने के बाद एक साहब ने मुझे अपने यहां रख लिया। उनके घर के काम करता और बच्चों को स्कूल ले जाता और स्कूल से घर ले आता था। वे कलेक्टर कार्यालय में काम करते थे। एक दिन मुझसे कोई गलती हो गई तो वे साहब मुझ पर बिगड़ पड़े। अनाप शनाप बुरा भला कहने लगे। यहां तक कि उन्होंने मुझे दलित कह कर मेरा घोर अपमान किया। उनके शब्द थे- 'तेरी औकात.ही क्या है, जो हमसे आंख मिला कर बातें कर सके।'

बात आई गई हो गई। समय बदला और मैं अपनी पढ़ाई की ओर ध्यान देने लगा। मेहनत मज़दूरी करता और रात में पढ़ाई। एक मेहरबान व्यक्ति ने मुझे मार्गदर्शन दिया और मैं ग्रेजुएट हो गया, फिर पोस्ट ग्रेजुएट हो गया। फिर उन्हीं मेहरबान व्यक्ति ने मुझे पीएससी परीक्षा में बैठने और बड़ा अफसर बनने की प्रेरणा दी। मैं प्राणपण से उसमें जुट गया। पीएससी की परीक्षा के साथ साथ मैं यूपीएससी की परीक्षा में बैठा। मेरा चयन हो गया तो उन सज्जन ने मुझे शाबाशी दी और हौसला बढ़ाया। यद्यपि वे उच्च जाति के थे, किंतु उन्होंने कभी मुझे दलित नहीं समझा। उन्होंने अपने सद्व्यवहार से मुझे हर तरह से सहयोग और प्रोत्साहन दिया। बाद में मुझे आईएएस के लिए चयनित कर लिया गया। कलेक्टर के पद पर सिलेक्ट करने के बाद मुझे ट्रेनिंग के लिए भेज दिया गया। अच्छे और बुरे दिन जीवन में आते रहते हैं। मेरे बुरे और अभावों के दिन बीत चुके थे। अब मैं कलेक्टर होकर उसी जिले में पदस्थ हो गया। जहां मैं बहुत पहले एक साहब के यहां काम करता था। मैं यह बात अभी तक भूला नहीं था कि कभी उन्होंने मुझे मेरे दलित होने पर हंसी उड़ाई थी और मेरा अपमान किया था। जिस दिन मुझे कलेक्टर के पद पर ज्वाइन होना था। मैंने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को बुलाकर उन सभी का परिचय पूछा। उनमें वह व्यक्ति भी था। वह व्यक्ति मेरे सामने हाथ बांध कर खड़ा था। उसने मुझे देखा तो उसके चेहरे पर विस्मय के भाव थे। सबके साथ उसने भी अपना परिचय दिया था। वह मन ही मन घबरा भी रहा था कि साहब अब पता नहीं उसके साथ क्या करेंगे। अनिष्ट की आशंका से वह डर भी रहा था ऐसा मैंने महसूस किया था। मैं सबको देखने और परिचय लेने के बाद उनको जाने दिया और अपने काम में जुट गया। दूसरे दिन वह व्यक्ति मेरे चैम्बर में आया। प्यून ने मुझे भीतर आकर बोला 'सर, आपसे मिलने के लिए शर्मा बाबूजी आना चाहते हैं!'

मैंने उसकी ओर देख कर पूछा 'कौन शर्मा बाबू..!' तब उसने शर्मा बाबू के बारे में बताया। मैं समझ गया कि यह वही शर्मा बाबू होगा, जिसके यहां मैं नौकर था। मैंने प्यून से कहा 'भेज दो उसको..!'

शर्मा बाबू आया और सीधा मेरे पैरों में झुक गया। मैंने उसे देखा यह वही व्यक्ति था। उसे उठाते हुए मैंने कहा- 'अरे, ये क्या कर रहे हो।'

वह बोला 'सर मुझे क्षमा कर दीजिए। मैंने अपने घमंड में आकर आपको उस समय भला बुरा कह कर अपमानित किया था। मुझे इस बात का बहुत पछतावा हो रहा है। मुझे अब ऐहसास हो गया कि औकात क्या होती है। मुझे क्षमा कर दीजिए सर..!' कह कर वह गिड़गिड़ाने लगा।

मेरे मन में उसके प्रति कोई दुर्भावना नहीं थी। मैंने उसे समझाते हुए कहा- 'देखो, उस समय तुमने जो कहा था वह उस समय की बात थी। अब उस बात को भूल जाओ। अपने मन में पछतावे का भाव भूल कर अपने काम पर ध्यान दो। मुझे तुमसे कोई शिकायत नहीं है।'

यह सुन कर शर्मा बाबू के चेहरे पर मुस्कुराहट आ गई। वह बोला - 'सर आपने मुझे क्षमा कर दिया। सचमुच आप ग्रेट हैं।'

मैं केवल मुस्कुरा भर दिया। जानता था कि हर आदमी को अपनी उच्च जाति का अभिमान होता है। उसे वह न तो छिपा पाता है और न ही दबा पाता है। बहुत कम लोग होते हैं जो अपनी जाति पर अभिमान भी नहीं करते और जातिगत भेदभाव भी नहीं करते, लेकिन यह इस सामाजिक विषमता भारतीय जनमानस में बहुत गहरी पैठ बनाए हुए हैं। इसके समाप्त होने में अभी काफी समय लगेगा।

शर्मा बाबू मेरे चैम्बर से चला गया, लेकिन एक प्रश्नचिह्न छोड़ गया कि आदमी की औकात क्या होती है। मैं सोचने लगा यदि उसने उस समय मुझे मेरी औकात नहीं बताई होती तो आज मैं उसको अपनी औकात कैसे बताता..!

*(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार हैं)*

लघुकथा | प्रिया देवांगन 'प्रियू'



## अधूरी ख्वाहिश

मम्मी....मम्मी..... सुनिए न! क्या हुआ मेरी गुड़िया? प्रातःकाल से इतना शोर क्यों मचा रही हो? मिन्नी स्वरबद्ध होकर बोली और आकर पीछे से लिपट गई। अच्छा बताओ क्या बात है? मिन्नी बोली– 'मम्मी मेरे दिमाग में बहुत अच्छा आइडिया आया है, आज के लिए।' ओह! ऐसा आज कुछ खास दिन है क्या? मिन्नी अपनी आँखें बड़ी–बड़ी कर हैरान नजरों से मम्मी को देखने लगी; तभी किचन में पापा जी भी आ गए और दोनों से पूछने लगे- 'क्या बात है? माँ–बेटी में क्या खुसुर–फुसुर हो रही है भई....!' पापा जी थोड़ा मजाकिया अंदाज में बोले। नहीं... नहीं...ऐसी कोई बात नहीं है पापाजी कह कर मिन्नी किचन से चली गई। पापा जी के ऑफिस जाने के बाद मिन्नी बोली 'क्या मम्मी आप भी न..!' ऐसा बोलते ही शांत बैठ गई। ओहहो! ठीक है बाबा बताओ 'क्या–क्या करना है?' मिन्नी ने अपनी मम्मी को पूरी योजना बताई। मम्मी बहुत खुश हुई और बोली एक बिटिया ही तो होती है, अपने पापा के जीवन में हर छोटा–बड़ा सपना को साकार करने में लगी रहती है और बिल्कुल माँ जैसा ख्याल भी रखती है, भाव–विभोर हो मम्मी की आँखें भर आईं। शाम होते ही पापा जी ऑफिस से घर लौटे, थोड़ी देर बाद मिन्नी पापा जी से बोली- 'पापा जी चलिए न मेरे कमरे में!' क्यों? पापा जी बोले। ऐसे ही....कुछ दिखाना है आपको। अच्छा चलो; मम्मी पापा और मिन्नी तीनों कमरे में गए। कमरे में अंधेरा था। 'बिटिया लाइट तो जलाओ।' 'धैर्य रखिए बाबा....। इतनी भी क्या जल्दी है!' मिन्नी पापा की लाडली जो थी। 'ओके बिटिया...।' लाइट जलाते ही पापा जी विस्मित भाव से देखने लगे। सहसा फूलों की वर्षा होने लगी, छोटे–छोटे लाइट जुगनुओं की तरह चमकने लगे, नीचे धरती पर मखमली घास बिछी थी, कोयल के सुमधुर आवाज की तरह धीमे स्वर में गाना चल रहा था, एक प्यार का नगमा है..! टी–टेबल में बहुत सारी मिठाइयाँ, फल–फूल, केक वगैरह.... वगैरह..? केक कट करते ही मिन्नी पापा जी को एक गिफ्ट पैकिंग आहिस्ता से खोलने के लिए बोली। पापा जी भी मुस्कुराते हुए आहिस्ता–आहिस्ता खोलने लगे। खोलते ही उनकी आँखें नम हो गईं और मिन्नी को गले से लगा लिया। पिता, बेटी को प्यार भरी नजरों से देखने लगे। उन्होंने देखा पापा की एक फेवरेट लैपटॉप उनके सामने रखी हुई है। जिसकी पापा जी को बरसों से अभिलाषा थी। बेटा ये लैपटॉप!! 'ना...ना...पापा जी कुछ न कहिए ये आपके बहुत काम की है, आप दिन–रात, जाग–जाग कर मोबाइल में ही अपनी कविताएं टाइप करते रहते हैं। सो..... मैंने और मम्मी ने सोचा क्यों न पापा जी को सरप्राइज दे दें।' पापा जी बोले 'आज मेरी बेटी इतनी बड़ी हो गई की पापा की ख्वाहिश पूरी कर रही है!' मिन्नी बोली हैप्पी बर्थडे पापा, हैप्पी बर्थ डे माई डियर पापा जी...! तभी कानों में मम्मी की आवाज सुनाई देने लगी। मिन्नी अरी ओ गुड़िया, उठो! बेटा भोर हो गई। कितनी देर तक सोएगी? मिन्नी की आँखें खुलीं, चहुँओर सन्नाटा छाया था। जो कुछ भी हुआ एक स्वप्न था। मिन्नी, मम्मी को गले लगाती हुई अपने पापा को याद कर सिसकियाँ भर–भर कर रोने लगी।

कविता | पूजा गुप्ता



## कुछ छोरियां

कुछ छोरियां...
नीरनिधि से निकली,
अमृत कुंभ होती हैं।
जहां भी छलक जाती हैं..
पुण्यस्थान बना देती हैं।

कुछ छोरियां.....
ब्रह्ममुहूर्त की रक्तिम आभा जैसी।
साथ होती है तो....
नई संभावनाओं को जन्म देती है,
राह को रोशनी कर देती है।

कुछ छोरियां अमरबेल होती है...
आलिंगनबद्ध कर लेती है।
पतझड़ हो या मधुऋतु....
हर पल साथ निभाती है।

कुछ छोरियां....
मधुर संगीत होती है।
छू लेती है मन को,
याद आती है बरसों।

कुछ छोरियां...
अमृत फल होती है।
बिखरा देती है रूप सुगंध...
चंचल कर देती है अंतर्मन।

दोहे | अरुण कुमार कैहरबा



## पर्यावरण के दूत

पर्यावरण की दूत है, जीवन का सम्मान।
गौरैया जो बची रही, इसमें सबका मान।।

प्यारे-प्यारे गीत हैं, चीं-चीं-चीं का गान।
उसके नर्तन पर करे, आंगन भी अभिमान।।

नन्हीं है आकार में, फिर भी बहुत महान।
इसके होने से रहती है पर्यावरण में जान।।

फसल उगाकर खेत में, इतराता इन्सान।
खाकर जिसे गौरया, हो गई लहुलुहान।।

जहर हवा में घुल रहा, हुआ फूहड़ शोर।
कैसे बचेंगे ऐसे में, गौरया और मोर।।

गौरैया जो ना रही, बचेगा नहीं इन्सान।
इन्सां ही कहलाएगा, सबसे बड़ा हैवान।।

आओ पुराने दौर को, फिर से करें साकार।
प्रकृति व पर्यावरण से, सबको ही हो प्यार।।

धरती व आकाश में, पंछी करें किलोल।
गौरैया के गान पर, सब नाचें दिल खोल।।

लघुकथा | गोविन्द भारद्वाज



## गृहस्थी का रथ

दिव्या तुम बड़े परिवार की इकलौती बेटी हो...भला तुम्हारे लिए रिश्ते की कोई कमी होगी...एक से बढ़कर एक रिश्ते आएंगे तेरे लिए। माँ ने दिव्यांग बेटी को समझाते हुए कहा।

'लेकिन माँ मैं सिर्फ ऐसे लड़के से शादी करूँगी...जो मेरे जैसा ही हो...वो भी दिव्यांग की श्रेणी में आता हो।' दिव्या ने स्पष्ट शब्दों में कहा।
'बेटी! ये क्या कह रही है तू?' मां ने आश्चर्य से पूछा।
'माँ मैं बिल्कुल ठीक कह रही हूँ, अगर मैं और मेरा पति एक जैसे होंगे..तो हम दोनों के बीच अक्षमता को लेकर कोई कुटिल विचार नहीं आएंगे। एक-दूसरे की भावनाओं को समझ सकेंगे।' दिव्या बोली।
तभी पड़ौस के घर से जोर-जोर से आवाजें आने लगी। 'देखो मैंने तुम से शादी करके तुम पर अहसान किया है...तुमने अपनी सूरत आइने में देखी है कभी।' पड़ौसी रोहित अपनी पत्नी पर चिल्लाते हुए कहा रहा था।
'हाँ...हाँ..मैं नहीं हूँ, तुम जितनी सुंदर, लेकिन मेरे बाप ने भी तुम्हें मुंह माँगी रकम दी थी, हरे-हरे नोटों के सामने तुम्हारी खूबसूरती फीकी पड़ गई थी, मेरे सामने।' रोहित की पत्नी ने भी पलट कर जवाब दिया।
दिव्या बोली, 'देख लिया न....अपने पड़ौस का हाल..क्या अब भी तुम।'
'ना मेरी बच्ची...तू जो कह रही है... बिल्कुल ठीक है। गृहस्थी के रथ के दोनों पहिए बराबर होने चाहिए।' माँ ने बेटी को गले लगाते हुए कहा।

कविता | लवली आनंद



## कैसे पी मन भाऊ री

पियर शरीर मोरा लाज से होइहे,
कैसे पी घर जाऊ री.......
देह मिलते सब बिसर गई मन,
देह त्यागें डर लागे री......1

लगी दामन में सौ रंग दाग के
अब कौन जतन से छुड़ाऊं री.....
हे सखी मोरा मन धक-धक होइहे,
कैसे पिया से नयन मिलाऊ री...

काम,क्रोध,लोभ,माया सखी जे होइहें,
फिर कैसे पी मन बस जाऊ री....
सुनु सखी मोरा पिया रुसल होइहें,
अब कौन से राग मैं गाऊँ री.....

सब रंग पटिया शरीर जे होइहें,
तो कृष्ण रंग कैसे मैं जानु री...
जो कृष्ण रंग मैं देखन होइहें,
फिर मोहे कोई और रंग न भायो री.

**युवा पीढ़ी के लिए वही सच है, जो दिखाया जा रहा है। आजकल की युवा पीढ़ी में साहित्य, लोक कला व संगीत में रुचि नहीं है, ऐसा भी नहीं लगता, बल्कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर प्रदर्शनों की आई बाढ़ से उनमें संयम की कमी नज़र आती है। हमारे पौराणिक ग्रंथों की बातों को यदि रुचिकर माध्यम से युवाओं तक पहुँचाया जाए, तो सुधार की संभावना है।**

साक्षात्कार | ओ.पी. पाल

# युवा पीढ़ी की साहित्य और लोक कला में रुचि नहीं : डॉ. डेजी

साहित्य जगत में हरेक लेखक, साहित्यकार, कवि और लोक कलाकार अपनी संस्कृति एवं परंपरा को जीवंत रखने के लिए साहित्य संवर्धन करता आ रहा है। ऐसे ही साहित्यकारों में महिला साहित्यकार डा. डेजी 'मुदिता' ने एक शिक्षाविद् होने के बावजूद काव्य और लोक साहित्य लेखन के माध्यम से सामाजिक जीवन में अनसुलझी पहेलियों और समस्याओं को उजागर किया है। यही नहीं अंग्रेजी भाषा शिक्षण और महिला अध्ययन में उन्हें महारत हासिल है, जिसमें उनके राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोधपत्र भी प्रस्तुत हो चुके हैं। भारत-एशिया अध्ययन केंद्र और शिक्षण संस्थान केंद्र में लंबे समय तक सेवारत रही द्विभाषी कवयित्री, लेखिका और अनुवादिका एवं गर्ल्स कॉलेज, भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां(सोनीपत) में अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डा. डेजी 'मुदिता' ने अपने लेखन के सफर को लेकर हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत के दौरान अनछुए पहलुओं को उजागर किया है, उससे जाहिर है कि वह महिला सशक्तिकरण के प्रति समर्पित हैं। डेजी का जन्म 28 दिसंबर 1970 को सोनीपत में एक शिक्षित परिवार में धर्मवीर सिंह व श्रीमती शांति देवी के घर में हुआ। उनके पिता सीआरए कॉलेज सोनीपत में रसायन विभागाध्यक्ष और सेवानिवृत्ति से पहले दो साल प्रिंसिपल भी रहे। वहीं उनकी माता भी सरकारी प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका रही। उनके दादा भी उस जमाने के गणित शिक्षक रहे। शिक्षा जगत में खुद एसोसिसिएट प्रोफेसर डा. डेजी मुदिता तीसरी पीढ़ी है। खास बात ये रही कि उनके परिवार के सदस्य विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत हैं। यहां तक कि उनकी बड़ी बहन और बहनोई भी शिक्षक हैं। भाई खेल जगत से बीसीसीआई के साथ जुड़े रहते निजी व्यवसाय में है तो बेटा रैप गायकी व ऑनलाइन स्टार्ट-अप की तैयारी में है, इसलिए उनके परिवार में शिक्षा को सर्वोपरि रखा गया। बकौल डा. डेजी, उनके घर में अखबार और विभिन्न पत्रिकाएं आती थी, जिन्हें पढ़कर उनकी किशोर अवस्था में उपन्यास पढ़ने में रुचि हो गई। कविता का संचार उनके भीतर बचपन से ही था। किशोरावस्था में उनकी मुलाकात सहेली योगिता से हुई, जिनकी एक कविता अखबार में छपी थी, तो उसके मन में भी परिवार से छुपकर कुछ कविताएं लिखी, जिन्हें उसने अपनी सहेली के अलावा किसी अन्य से साझा नहीं की। जब वह नौवीं कक्षा की परीक्षाओं की तैयारी करते हुए जब उनका ध्यान चीटियों पर गया तो वह चंद कविताएं लिखने का उतावली हुई। बारहवीं कक्षा में अध्ययन के दौरान उनकी पहली कविता 'पल भर की आशा' कॉलेज की मैगजीन में छपी। हालांकि उनका असली साहित्यिक सफर तो उसी समय गतिमान हुआ जब वह चालीसवें बंसत में पहुंची। उस समय उनके मित्र व सहकर्मी रवि भूषण ने कहा था कि 'इंसान जिस भी विधा में स्वयं को बेहतर अभिव्यक्त कर सके, उसी में करना चाहिए। साहित्य लेखन के क्षेत्र में उनका पहला काव्य-संकलन 'आस' साल 2009 में प्रकाशित हुआ, उन्होंने कृति की पहली प्रति अपने माता-पिता को को देकर सरप्राइज दिया, जिसे देखकर वे बेहद खुश हुए। इसके बाद 'करवटें मौसम की' और कथा संग्रह 'कटघरे' साल 2017 में पाठकों के समक्ष आए। डा. डेजी का कहना है कि यदि 'साहित्य' को आप केवल प्रकाशित साहित्य की दृष्टि से देखेंगे तो ऐसा साहित्य के प्रति रुचि कम हो रही है, लेकिन इस परिवर्तनशील संसार में आज सत्य पर माध्यम हावी हो चुका है यानी अधिकतर लोग दृश्य-श्रव्य माध्यम से ही जीवन को भी आंकने लगे हैं।

### प्रकाशित पुस्तकें

डा. डेजी 'मुदिता' की 14 पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। उनकी प्रमुख पुस्तकों में भारतीय भाषा लोक सर्वेक्षण की पुस्तक 'हरियाणा की भाषाएं' नवीनतम कृति है। इसके अलावा उनके काव्य संग्रह–'आस' और 'करवटें मौसम की' के अलावा कथा संग्रह 'कटघरे' भी सुर्खियों में हैं। उन्होंने आधा दर्जन से ज्यादा पुस्तकें अंग्रेजी भाषा में भी लिखी हैं। पिछले दिनों ही हरियाणा की कवयित्रियों की श्रेष्ठ कविताओं एक एक काव्य संकलन 'घूप में चाँदनी' उनकी दस कवितायें प्रकाशित हुई थी।



डॉ. डेजी 'मुदिता'

### पुरस्कार व सम्मान

महिला साहित्यकार एवं कवयित्री डा. डेजी 'मुदिता' को ग्लोबल सोसाइटी ऑफ एजुकेशनल ग्रोथ की ओर से 'भारत शिक्षा रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। शिवयुवा शक्ति संघ के शिक्षक सम्मान के अलावा हरियाणा सरकार भी उन्हें गणतंत्र दिवस और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित कर चुकी है। कवयित्री के रूप में महिला काव्य मंच उन्हें काव्यात्मक प्रतिभा सम्मान से भी अलंकृत कर चुकी है। इसके अलावा विभिन्न साहित्य एवं सामाजिक मंच पर भी उन्हें अनेक पुरस्कार पाने का सौभाग्य मिला है।

### व्यक्तिगत परिचय

**नामः** डॉ. डेजी 'मुदिता'
**जन्मतिथिः** 28 दिसंबर 1970
**जन्म स्थानः** सोनीपत (हरियाणा)
**शिक्षाः** बी.एस.सी. (नॉन मेडिकल), एमए, एम.फिल(ईएली), पीएच.डी।
**संप्रतिः** एसोसिएट प्रॉफेसर (अंग्रेजी), स्वतंत्र काव्य व कथा लेखन

# विसंगतियों पर प्रहार संवेदनाओं की पुकार



पुस्तक समीक्षा | आशा खत्री 'लता'

संवेदनाओं की पुकार लघुकविता सँग्रह आशा विजय विभोर का दूसरा लघुकविता संग्रह है जिसमे 103 रचनाएँ संगृहीत हैं। कवयित्री ने प्रस्तुत कविताओं में समाज में, मानवीय व्यवहार में, व्यवस्था में, राजनीति में व्याप्त विसंगतियों पर डटकर कलम चलाई है।

कवयित्री ने जहाँ वैज्ञानिकों के उत्कृष्ट कार्य निष्पादन को सराहा है वहीं वे युवा पीढ़ी में बढ़ते नशे की प्रवृति, बलात्कार, मजदूरों के शोषण, प्रकृति को नष्ट करने, नदियों को प्रदूषित करने, कला के नाम पर नग्नता, मांसाहार, बढ़ती महंगाई, प्लास्टिक के उपयोग को रोकने, पर्यावरण प्रदूषण व अन्य अनेक सामयिक विषयों पर खुलकर कलम चलाई है।

**पुस्तक : संवेदनाओं की पुकार**
**लेखिका : आशा विजय विभोर**
**मूल्य : 300 रुपये**
**प्रकाशक : आनन्द कला मंच**

आशा जी एक संवेदनशील व्यक्तित्व की धनी हैं। उन्हें मनुष्य का शोषण पीड़ा देता है तो वे पक्षियों की पीड़ा को भी अनुभव और व्यक्त करती हैं। वे मानव के पशु-पक्षियों के प्रति दोगले व्यवहार से कराह उठती हैं। 'गौ सेवा' कविता में उनका तेवर देखिये-

दूध और मक्खन खाकर
मानव का हृदय तृप्त हो जाता
मूत्र तुम्हारा बीमारियों को दूर भगाता
उपलों से तुम्हारे हवन करके
वतावरण शुद्ध हो जाता
खाद से तुम्हारी
पौधों में जीवन आता
फिर भी पंजीकृत बूचड़खानों में
तुम्हारी हत्या से होकर बेपरवाह
स्वांग गौ सेवा का रचा जाता।

आजकल मोबाइल का बोलबाला है। आशा जी ने ऑनलाइन सुविधाओं के साथ-साथ उनके नुकसान की तरफ भी ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया है। 'संवेदनाओं की पुकार' जिसके शीर्षक को पुस्तक का नाम दिया गया है में कवयित्री माँ की त्याग तपस्या के साथ-साथ बच्चों को माँ द्वारा त्याग दिए जाने की ज्वलंत समस्या पर भी लिखती हैं।

भाषा, सरल, प्रवाहमयी व सहज सम्प्रेषणीय है। आवश्यकतानुसार बात को प्रभावी ढंग से कहने के लिए मुहावरों का प्रयोग जैसे अपना उल्लू सीधा करना, अपने मुँह मिया मिट्ठू बनना, आँखें बिछाना, आसमान से गिरा खजूर में अटका, दिल बाग-बाग हुआ, भी खूब किया गया है।

आवरण पृष्ठ आकर्षक है। शीर्षक को विषय अनुसार बिलकुल सही लिया गया है। 'अपनी बात' कहते हुए आशा विजय विभोर साथी साहित्यकारों का आभार प्रकट करती हैं। यह उनका बड़प्पन व सहृदयता है।

# ऋषि च्यवन के जीवन की विशद् व्याख्या



पुस्तक समीक्षा | विदर्भ कुमार

सुप्रसिद्ध रचनाकार डॉ. सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी 'पथिक' द्वारा रचित महाकाव्य कृति 'च्यवन चरित' के अध्ययन, मनन, और अनुशीलन के उपरांत निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि 'च्यवन चरित' कृति महाकाव्य के लक्षणों के आधार पर एक सफल प्रबंध महाकाव्य कृति है। यह भाव सौंदर्य, शिल्प सौष्ठव एवं रचनात्मक अभिप्रेत की दृष्टि से अप्रतिम एवं प्रभविष्णु कृति है।

**पुस्तक : च्यवन चरित**
**लेखक : डॉ सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी**
**मूल्य : 750 रुपये**
**प्रकाशक : शतरंग प्रकाशन**

इसका कथानक बड़ा सरस, रोचक कौतूहलवर्धक एवं सन्देशप्रद है, जो भारतीय वाग्डमय के वैदिक ऋषि च्यवन के जीवन की विशद् व्याख्या की गई है। डॉ. सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी 'पथिक' ने मूल कथा को मनोवैज्ञानिक आधार पर छन्द के माध्यम से बहुत प्रभावशाली तरीके से सरस शैली में चित्रित किया है तथा कथा से पूर्व समर्पण के रूप में माँ सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की है।

डॉ. सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी 'पथिक' की कृति के मुख्य पात्र च्यवन ऋषि है। इसका उद्देश्य धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष आदि चारों पुरुषार्थों को दृष्टिगत रखते हुए मानव जीवन में सत्यम्, शिवम्, सुंदरम् की स्थापना करना है और त्याग के महत्व को प्रतिपादित करना है। इसमें शांत, शृंगार व करुण रस की प्रधानता है।

सबसे विशेष बात यह है कि इस पुस्तक का देशकाल और वातावरण कथानुरूप है। भाषा सरल, सुबोध, खड़ी बोली हिंदी है। बीच-बीच में तत्सम व तद्भव शब्दों का समावेश भी हुआ है । शैली सरस, चित्रात्मक और विश्लेषणात्मक है। अलंकारों का स्वाभाविक प्रयोग देखते ही बनता है, विशेष रूप से अनुप्रास, उपमा, रूपक, यमक, दृष्टांत, श्लेष, अतिशयोक्ति, पुनरुक्ति आदि का प्रयोग हुआ है। निष्कर्षतः जीवन में त्याग की उपादेयता को रेखांकित करती प्रबंध महाकाव्य कृति 'च्यवन चरित' भाव सौंदर्य, शिल्प सौष्ठव, शीर्षक, सन्देश, काव्य प्रयोजन, उद्देश्य एवं रचनात्मक अभिप्रेत की दृष्टि से अत्यंत उत्कृष्ट एवं उपादेय है।

यह पठनीय एवं संग्रहणीय काव्य कृति में प्रथम बार च्यवन ऋषि के सम्पूर्ण व्यक्तित्व को एकाकार रूप में प्रस्तुत किया गया है। सुधीजनों एवं साहित्य जगत में यह अपना उल्लेखनीय स्थान बनाएगी, ऐसा मेरा ध्रुव विश्वास है। लेखक साधुवाद के पात्र हैं। शुभकामनाओं सहित।

**खबर संक्षेप**

### सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगा इंडिया गठबंधन



**हांसी।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज राठी ने दावा किया कि भाजपा की असलियत अब जनता के सामने आ गई है और लोकसभा चुनाव में जनता इस पार्टी को सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सभी 10 सीटों पर कांग्रेस व इंडिया गठबंधन की जीत होगी और भाजपा का 400 पार के दावे की हवा निकल जाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल जो भाजपा के स्टार प्रचारक बने घूम रहे हैं, उनकी भी करनाल से हार निश्चित है। देश व प्रदेश की जनता भाजपा से तंग आ चुकी है और वोट की चोट से भाजपा का सत्ता से बाहर करेगी।

### तूड़ी से भरी पिकअप जब्त, चालक पर केस दर्ज

**ओढां।** ओढां थाना पुलिस ने गांव ओढां से तूड़ी से भरी एक पिकअप को जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ लोगों की जान जोखिम में डालने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस गश्त पर थी कि इसी दौरान गांव ओढां में कालांवाली रोड पर सरकारी अस्पताल के समीप तूड़े से भरी एक पिकअप सड़क पर खड़ी थी और चालक नीचे उतरा हुआ था। पिकअप की वजह से वाहनों का आवागमन बाधित हो रहा था।

### दो उदेघोषित अपराधी गिरफ्तार

**डबवाली।** शहर थाना डबवाली पुलिस ने दो उदघोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने बताया कि बताया कि पकड़े गए पी.ओ. की पहचान सेवक सिंह निवासी अलीकां व हरजीत सिंह निवासी जोईया जिला मानसा पंजाब के रूप में हुई है।

### पोस्टर, स्लोगन तथा रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन

## वोट डालने के लिए किया जागरूक

कार्यक्रम में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी छात्रों को भय एवं लोभ मुक्त होकर मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏩ उकलाना मंडी

उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया के निर्देशानुसार राजकीय महाविद्यालय उकलाना में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे स्वीप प्रोग्राम के तहत विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



**उकलाना मंडी।** प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थी कॉलेज स्टाफ के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह सांगा एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. अमित कुमार ने विद्यार्थियों को बताया कि स्वीप का मतलब सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन है। इसके अंतर्गत मतदाताओं को चुनाव प्रक्रियाओं बारे जागरूक करने के लिए व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (एसवीईईपी) कार्यक्रम के तहत पोस्टर, स्लोगन तथा रंगोली बनाओ इत्यादि प्रतियोगिताओं के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाता है। कार्यक्रम में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी छात्रों को भय एवं लोभ मुक्त होकर मतदान के लिए प्रेरित किया गया। छात्रों ने कहा कि वे स्वयं भी नैतिक मतदान करेंगे और प्रजातांत्रिक व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के इलेक्टोरल क्लब की भी अहम भूमिका रही।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ ब्लॉक स्तरीय कन्वेंशन नौ को, संघ की बैठक में लिया गया फैसला

**हिसार।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ, हरियाणा की जिला हिसार इकाई की बैठक लाहौरिया चौक पर जिला प्रधान ओपी सैनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 9 अप्रैल से ब्लॉक स्तरीय कन्वेंशन करने का निर्णय लिया गया। संघ के जिला सचिव श्योचंद राम घोड़ेला ने बताया कि बैठक में स्टेट व जिला कार्यकारिणी में लिए गए फैसलों को लागू करवाने व सदस्यता बढ़ाने के बारे में फैसला लिया गया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हर ब्लॉक में कन्वेंशन की जाएगी। हर कन्वेंशन में जिला व राज्य के पदाधिकारी भाग लेंगे। ब्लाकों की कन्वेंशन का समय प्रातः 10 बजे होगा। उन्होंने बताया कि ब्लॉक-एक हिसार की कन्वेंशन 9 अप्रैल को गुर्जर धर्मशाला में, 10 अप्रैल को उकलाना ब्लॉक की कन्वेंशन वहां के बिजली घर में, ब्लॉक सेक्टर 13 की 11 अप्रैल को, ब्लॉक अग्रोहा की 11 अप्रैल को, ब्लॉक आदमपुर की 12 अप्रैल को, ब्लॉक-2 हिसार की कन्वेंशन आर्य नगर बस स्टैंड धर्मशाला में, ब्लॉक पटेल नगर की 13 अप्रैल को 6 बजे पार्क में, ब्लॉक मंगाली की 15 अप्रैल को कैमरी रोड स्थित पार्क में, ब्लॉक नारनौंद की 21 अप्रैल को सैनी धर्मशाला में, ब्लॉक हांसी की 24 अप्रैल को बजरंग आश्रम में, ब्लॉक एचएयू की 28 अप्रैल को वेटरनरी कैंटीन में तथा ब्लॉक बरवाला की 30 अप्रैल को पुराना बस स्टैंड बरवाला में होगी। इसके बाद जिला कन्वेंशन 12 मई को पटवार भवन में प्रातः 10 बजे होगी। इसमें राज्य के प्रधान व महासचिव भाग लेंगे। अन्य नेताओं जगदीश, हितेश कुमार व अनिल शर्मा ने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारी संघ लगातार 2012 से अपनी मांगों के प्रति संघर्षरत है। संघ की मुख्य मांगों में 65, 70, 75 वर्ष के बाद 5, 10, 15 प्रतिशत बेसिक पेंशन, पंजाब हिमाचल व चंडीगढ़ के समान कैशलेस व मेडिकल भत्ता तीन हजार रुपये महीना, पुरानी पेंशन ओपीएस बहाल की जाए, कम्यूटेशन की रिकवरी 15 वर्ष से घटाकर 12 वर्ष तक की जाए। महिलाओं को एलटीसी दी जाए आदि शामिल हैं। संघ की सरकार से मांग है कि इन मांगों का समाधान शीघ्र से शीघ्र किया जाए।

## इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के छात्रों को दी करियर आधारित जानकारी

- आईटी विशेषज्ञ जतिन गेरा ने विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट का अमेरिका के आईटी प्रोफेशनल जतिन गेरा ने अवलोकन किया। उन्होंने इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को श्रेष्ठ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

जतिन गेरा ने कहा कि अमेरिका में नाइलेट ओ लेवल के कोर्स करने वाले युवाओं की काफी मांग है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के नाइलेट कोर्स के मेधावी व योग्य विद्यार्थियों को विदेश में अपना हुनर दिखाने का अवसर मिलेगा।



**हिसार।** इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के विद्यार्थियों को संबोधित करते आईटी प्रोफेशनल जतिन गेरा। फोटो : हरिभूमि

इस अवसर पर इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष रजत गुप्ता ने जतिन गेरा का स्वागत करते हुए कहा कि वे देशभर के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने के बाद आस्ट्रेलिया व अमेरिका में आईटी के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। रजत गुप्ता ने ट्रस्ट की शैक्षणिक व सामाजिक गतिविधियों से भी जतिन गेरा को रूबरू करवाया। इस दौरान जतिन गेरा ने अपने अनुभवों को बच्चों के साथ साझा किया। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, रोबोटिक्स, इंटरनेट डेवलपमेंट, लैंग्वेज व वेब डेवलपमेंट सहित आईटी क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। जतिन गेरा ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासा को भी शांत किया।

## इस्कॉन ने मोक्ष वृद्धाश्रम में आयोजित किया संकीर्तन, भजनों पर झूमे बुजुर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

इस्कॉन हिसार द्वारा मोक्ष वृद्धाश्रम में श्रीकृष्ण संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस संकीर्तन में इस्कॉन से जुड़े पदाधिकारियों व स्वयंसेवकों ने भजन गाकर माहौल को आध्यात्मिक बना दिया। हरे राम-हरे कृष्णा भजन सुनकर बुजुर्ग भावविभोर हो गए और झूमने लगे। कैमरी रोड पर स्थित मोक्ष वृद्धाश्रम को संकीर्तन के लिए गुब्बारों व लड़ियों से सजाया गया। सभी बुजुर्गों को तिलक लगाकर उनका स्वागत व सत्कार किया गया। श्रीकृष्ण की आराधना के साथ संकीर्तन की शुरुआत की गई। संगीत की सुर लहरियों के साथ तालियां बजाते हुए सभी बुजुर्ग व अन्य भक्तगण अभिभूत हो गए। इस अवसर पर मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक माता पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। इस्कॉन की तरफ से माता पंकज संधीर को सम्मानित किया गया। मोक्ष वृद्धाश्रम ने भी इस्कॉन के पदाधिकारियों को स्मृति चिह्न प्रदान किया। पंकज संधीर व विजय भृगु ने बताया कि मोक्ष



**हिसार।** इस्कॉन द्वारा मोक्ष वृद्धाश्रम में आयोजित संकीर्तन में हिस्सा लेते श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को सामाजिक व आध्यात्मिक कार्यक्रमों से जोड़े रखने के लिए यहां समय-समय पर विशेष आयोजन किए जाते हैं। इसी कड़ी में इस्कॉन द्वारा संकीर्तन संध्या का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि मोक्ष वृद्धाश्रम में बुजुर्गों की सेवा, संभाल, भोजन, आवास व चिकित्सा की संपूर्ण व्यवस्था निशुल्क की जाती है।

## समाजसेविका एवं भाजपा नेत्री रवि रानी पाठक नहीं रहीं

**हिसार।** समाजसेविका एवं भाजपा नेत्री मॉडल टाउन निवासी रवि रानी पाठक का गत दिवस निधन हो गया। 83 वर्षीय रवि रानी पाठक करीब एक पखवाड़े से अस्वस्थ चल रही थीं। उनका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था।



उनके संस्कार पर सांसद रामचंद्र जांगड़ा, भाजपा नेता प्रवीण जैन, जिला उपाध्यक्ष संजीव रेवड़ी, आरएसएस के पदाधिकारी, स्वयंसेवक सहित सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। आरएसएस की विचारधारा वाली रवि रानी पाठक अपने कार्यकाल में भाजपा की जिला उपाध्यक्ष, सचिव का दायित्व निभा चुकी हैं। वे राजकीय स्कूल डाबड़ा में बतौर प्राचार्य सेवानिवृत हुईं। बाद में वे संगठनों से जुड़कर समाजसेविका बन गईं। मूल रूप से देहरादून से थीं। उनके पति हिसार वासी स्वर्गीय विजय कुमार पाठक भी राजकीय स्कूल से प्राचार्य सेवानिवृत थे। उनके पुत्र गुजवि में कार्यरत एटीओ विवेक पाठक ने कहा है कि उनकी माता ने सदैव इस बात पर जोर दिया है कि परोपकार से बढ़कर कुछ नहीं। रवि रानी अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गईं हैं। उनके दो पुत्रियां प्रतिमा व चारु पाठक हैं। चारु पाठक डीएन कॉलेज की स्टूडेंट प्रधान रह चुकी हैं। पौत्र डॉ. मोहित पाठक, सिविल अस्पताल में कार्यरत हैं। पोत्रियां साबिया और सोनल बैंक कर्मचारी हैं।

## पुलिस नाके लगा कर चलाया सघन चेकिंग अभियान

**सिरसा।** जिला पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने कहा कि आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को पूरी तरह से निष्पक्ष व स्वतंत्र रूप से करवाना पुलिस की सवार्ेच्च प्राथमिकता है। चुनाव को लेकर जिला पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है तथा जिला भर में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक रविवार को लोकसभा चुनाव को लेकर जिला के सभी पुलिस अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों को पूरी सतर्कता व सावधानी बरतने के निर्देश दे रहे थे। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला पुलिस पूरी तरह से सक्षम है। जिला पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों की ओर से जिला के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को निर्भीक होकर मतदान करने तथा कानून व्यवस्था तथा शांति बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की जा रही है। उन्होंने बताया कि चुनाव आचार संहिता लागू होने से लेकर अब तक की 21 दिन की अवधि के दौरान जिला पुलिस की ओर से मादक पदार्थ तथा शराब तस्करों के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान गिरफ्तार किए गए लोगों के कब्जे से करोड़ों रुपए के मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मादक पदार्थ तथा आबकारी अधिनियम के तहत 119 मामले दर्ज कर 127 लोगों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में मादक पदार्थ तथा अवैध शराब बरामद की गई है। मादक पदार्थ अधिनियम के तहत 19 मामले दर्ज कर 25 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 101 किलो चूरापोस्त, 3 किलो 300 ग्राम अफीम, 278 ग्राम हैरोइन तथा 875 ग्राम गांजा बरामद किया गया है।

## पुलिस व अर्ध सैनिक बलों ने निकाला फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिरसा

आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस तथा अर्ध सैनिक बलों के जवानों ने बडागुढ़ा थाना प्रभारी राजेश कुमार के नेतृत्व में आज फ्लैग मार्च निकाला। मतदाताओं को 25 मई को होने वाले मतदान में बिना किसी भय व डर के निर्भिक रूप से मतदान करने तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बडागुढ़ा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से होते हुए फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च बडागुढ़ा से शुरू होकर रघुआना, आनंदगढ़, बप्पां, छतरियां, भंगू, साहूवाला, फतेहपुरिया, शेखुपुरिया तथा पंजुआना होते हुए वापस बडागुढ़ा में समापन किया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व कर रहे बडागुढ़ा थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस प्रशासन व सुरक्षा बलों द्वारा फ्लैग मार्च के दौरान लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया है। मतदाता पूरी तरह निर्भीक होकर मतदान करें।



**सिरसा।** बडागुढ़ा क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकालते पुलिस व अर्ध सैनिक बल।

- आम लोगों से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील

### भाविप फतेहाबाद शाखा का हुआ विस्तार तीन को सौंपी उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**फतेहाबाद।** भारत विकास परिषद फतेहाबाद शाखा की बैठक माजरा रोड स्थित बागबां में हुई। इस बैठक की अध्यक्षता फतेहाबाद शाखा अध्यक्ष अंकित शर्मा ने की। इस बैठक में शाखा अध्यक्ष अंकित शर्मा ने कार्यकारिणी का विस्तार किया। इसके तहत सर्वसम्मति से अंजू गांधी गिरधर को उपाध्यक्ष सेवा, ललित मेहता को उपाध्यक्ष संपर्क और संदीप बंसल को उपाध्यक्ष संस्कार, अमित रुखाया और सुरेंद्र शर्मा को सहसचिव, लवलीन सरदाना को महिला प्रमुख, रेखा जिंदल और नीतू जैन को सह महिला प्रमुख, उमेश गुप्ता को प्रेस सचिव एवं ललित मेहता टुटेजा को संगठन सचिव नियुक्त किया गया। इसके अलावा कृष्ण ग्रोवर बंटी को बागबां प्रकल्प की भी जिम्मेदारी सौंपी गई। इस बैठक में भाविप के सरंक्षक सीपी आहूजा, केके अरोड़ा, राकेश मखीजा, कृष्ण ग्रोवर बंटी, विजय जग्गा, शाखा सचिव योगेश मेहता व शाखा कोषाध्यक्ष प्रमोद बंसल मौजूद रहे।

## रतिया विधानसभा क्षेत्र में बनाए 224 मतदान केंद्र, शहर में सर्वाधिक 24

हरिभूमि न्यूज ⏩ रतिया

सिरसा लोकसभा के अंतर्गत रतिया विधानसभा क्षेत्र में चुनाव आयोग ने आगामी चुनाव के लिए 224 मतदान बूथों की स्थापना की है ताकि मतदाता अपने मत प्रयोग कर सकें। इसके तहत शहर रतिया में सर्वाधिक 24 मतदान केंद्र (बूथ ) तथा गांव पिलछियां में 2, महम्मदकी में 1, लधुवास में 2, सरदारेवाला में 2, नंगल में 3, लुटेरा में 1, बाहमनवाला में 2, रोजावाली में 1, भूदंड़वास में 2, नीकूवाला में 1, महमड़ा में 2, भवानीखेड़ा में 1, बादलगढ़ में 3, बबनपुर में 2, ढाणी बबनपुर में 1, ढाणी लांबा में 1, गांव लांबा में 1, तेलीवाला में 1, कंवलगढ़ में 2, बाडा में 1, कमाना में 2, रतनगढ़ में 2, मिराना में 1, बलियाला में 2, बोडा में 1,




**रतिया।** शहर में बनाया गया मतदान केंद्र।

अलावलवास में 2, खैरपुर में 1, कलौठा में 2, खाई में 1, अलीका में 3, मलवाला में 1, मढ़ में 2, अजीतनगर में 2, बीराबदी में 2, नागपुर में 4, हुकमावाली में 2, दादुपुर में 1, ढाणी दादुपुर में 1, जल्लोपुर में 2, लाली में 3, ढाणी नथवान में 1, नथवाना गांव में 1, ढाणी डिग्गी माजरा में 1, घासवा में 1, चिम्मू में 1, बुर्ज में 2, कुनाल में 2, मोहम्मदपुर सोतर में 2, चंदोकलां में 2, मुंशीवाला में 1, हमजापुर में 2, भरपुर में 1, रत्ताखेड़ा में 3, फुलां में 2, तामसपुरा में 2, जांडवाला सोत्तर में 2, हड़ौली में 3, नूरकीअली में 1, चुघे अहली में 1, चनकोठी में 1, खुम्बर में 2, खुन्डन में 2, हांसपुर में 2, भडोलावाली में 2, बहबपुर में 1, थेड़ी में 1, भट्ट खुर्द में 1, अहलीसदर में 3, हिजरावां खुर्द में 2, हरिपुरा में 1, रत्ता टिब्बा में 1, नखटिया में 1, मानकपुर में 1 बूथ बनाए गए है। इसके अलावा गांव नकटा में 1, हिजरावां कलां में 3, बनावाली में 1, मुस्से अहली में 1, दौलतपुर में 2, आकावाली में 1, ढाणी ईशर में 1, ढाणी ढाका में 1, ढाणी कारियां में 1, ढाणी चूहड़ में 1, मल्हड़ में 1, ढाणी बीजा लांबा, अयाल्की में 3, ढाणी चानचक में 1, अलीपुर बरोटा में 1, गांव अहरवां में 5, गुरूसर में 1, शहनाल में 2, सुखमनपुर में 2, ढाणी रायपुर में 11, हसंगा में 3, पालसर में 1, शेखुपुर सोत्तर में 1, रजाबाद में 1, काताखेडी में 1, बोसवाल में 1, खान मोहम्मद में 1, दरियापुर में 3, करनौली में 2, शहीदावाली में 2, कुकडावाली में 2, ढाणी चाननवाली में 1, ढाणी महताब राम में 1 केंद्र बनाए गए है।



**टोहाना।** उपवास करते हुए आप पार्टी के कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### उपवास कर रहे आप कार्यकर्ताओं को किया गिरफ्तार

**टोहाना।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में देशव्यापी उपवास के तहत रविवार को टोहाना शहर के शहीद चौक पर शांतिपूर्ण उपवास पर बैठे आप पार्टी के कार्यकर्ताओं को पुलिस प्रशासन ने गिरफ्तार कर लिया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व हरियाणा प्रदेश संयुक्त सचिव सुखविंद्र सिंह गिल ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार पूरी तरह तानाशाह हो चुकी है। आम आदमी के मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता अपने मौलिक अधिकारों के प्रति जागरुक है। पार्टी का कार्यकर्ता झुकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि हम अपने हकों के लिए लड़ते रहेंगे और इस तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। इस दौरान आप कार्यकर्ताओं ने जेल के ताले टूटेंगे, हमारे नेता छूटेंगे के नारे भी लगाए।

### अप्रैल माह में हनुमान जयंती सहित आएंगे 18 व्रत और त्यौहार

## आज सोमवती अमावस, चैत्र नवरात्रे कल से, पूरे 9 दिन होगी मां गौरी की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏩ फतेहाबाद

चैत्र नवरात्रे कल मंगलवार से शुरू हो रहे हैं। नवरात्रों का समापन 17 अप्रैल को होगा। इस बार पूरे 9 दिन मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा होगी। अप्रैल का महीना व्रत त्योहारों के लिए बेहद खास है। अप्रैल महीने में कई प्रमुख व्रत त्योहार आएंगे। इस महीने में शक्ति आराधना का पर्व नवरात्रि, भगवान राम के जन्मोत्सव का दिन रामनवमी, शीतला अष्टमी और हनुमान जन्मोत्सव जैसे कई अहम व्रत-त्योहार आएंगे। इसी महीने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि से हिन्दू नव वर्ष की शुरुआत भी हो रही है। इसके साथ ही इस महीने की अमावस्या तिथि को साल का पहला सूर्य ग्रहण भी लग रहा है। अप्रैल का महीना व्रत, पर्व और पूजा अनुष्ठान के हिसाब से बेहद महत्वपूर्ण है. श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि चैत्र मास की प्रमुख त्योहार नवरात्रि है। चैत्र नवरात्रि की शुरुआत चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होगी। चैत्र नवरात्रि 9 अप्रैल से शुरू होगी और 17 अप्रैल तक रहेगी। कलश स्थापना के लिए शुभ मुहूर्त 9 अप्रैल को दोपहर 12 बजकर 3 मिनट पर शुरू होकर दोपहर 12 बजकर 54 मिनट पर समाप्त होगा।



**फतेहाबाद।** त्यौहारों को लेकर सजा श्री श्याम मंदिर।

**नवरात्रि के नौ दिन कब किस देवी की**

पहला नवरात्र मंगलवार, 9 अप्रैल मां शैलपुत्री की पूजा
दूसरा नवरात्र बुधवार, 10 अप्रैल मां ब्रह्मचारिणी की पूजा
तीसरा नवरात्र वीरवार, 11 अप्रैल मां चंद्रघंटा की पूजा
चौथा नवरात्र शुक्रवार, 12 अप्रैल मां कुष्मांडा की पूजा
पांचवां नवरात्र शनिवार, 13 अप्रैल मां स्कंदमाता की पूजा
छठा नवरात्र रविवार, 14 अप्रैल मां कात्यायनी की पूजा
सातवां नवरात्र सोमवार, 15 अप्रैल मां कालरात्रि की पूजा
आठवां नवरात्र मंगलवार, 16 अप्रैल मां महागौरी की पूजा
नौंवा नवरात्र बुधवार, 17 अप्रैल मां सिद्धिदात्री दुर्गा महा नवमी पूजा

**अप्रैल में आने वाले त्यौहार**

1 अप्रैल शीतला सप्तमी
2 अप्रैल शीतला अष्टमी, बुढ़वा मंगल पर्व
5 अप्रैल पापमोचनी एकादशी
6 अप्रैल शनि प्रदोष व्रत
7 अप्रैल मासिक शिवरात्रि व्रत
8 अप्रैल सोमवती अमावस्या
9 अप्रैल चैत्र नवरात्रि का आरंभ और गुड़ी पड़वा
10 अप्रैल झूलेलाल जयंती
11 अप्रैल गौरी पूजा, गणगौर पूजा
12 अप्रैल रोहिणी व्रत
13 अप्रैल बैसाखी पर्व
14 अप्रैल यमुना छठ
16 अप्रैल अशोक अष्टमी
17 अप्रैल राम नवमी
19 अप्रैल कामदा एकादशी
21 अप्रैल महावीर जयंती
23 अप्रैल हनुमान जयंती और चैत्र पूर्णिमा
27 अप्रैल संकष्टी गणेश चतुर्थी

**राम नवमी पर यह रहेगा शुभ मुहूर्त**

रामनवमी भगवान श्री राम के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है और इस दिन नवरात्रि का भी नौवां दिन होता है। पंडित सोनू शर्मा के अनुसार इस दिन घर में कन्याओं को भोजन कराने से शुभ फल प्राप्त होता है। इसके साथ ही प्रभु राम के जन्मदिन पर घर में रामायण का पाठ भी किया जाता है। उन्होंने बताया कि रामनवमी के दिन पूजा के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 11 बजकर 03 मिनट से शुरू होकर दोपहर 1 बजकर 38 मिनट तक रहेगा।

### युवक पर हमला कर सोने की अंगूठी व नकदी छीनी

**फतेहाबाद।** टोहाना शहर की सब्जी मण्डी में कुछ युवकों द्वारा कार सवार पर हमला कर उससे मारपीट करने और सोने की अंगूठी व नकदी छीनने का मामला सामने आया है। हमले में घायल युवक को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में टोहाना के गांव पूर्ण माजरा निवासी जोरावर सिंह ने कहा है कि शनिवार दोपहर को वह अपनी कार में सवार होकर सब्जी लेने के लिए टोहाना की सब्जी मण्डी में आया था। जब वह सब्जी मण्डी से निकलने लगा तो गुलशन, बंटी व विकास अपने 3-4 अन्य साथियों के साथ हाथों में हथियार लेकर आए। गाड़ी पर डंडों से हमला कर शीशे तोड़ दिए। इन युवकों ने उसे कार से बाहर निकालकर पिटाई की और उससे सोने की अंगूठी, घड़ी व 5200 रुपये की नकदी छीन ली।

## खबर संक्षेप

### नलवा हलके में समरस विजय संकल्प रैली 10 को

**हिसार।** विधानसभा उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा ने कहा है कि 10 अप्रैल को नलवा हल्के के गांव कैमरी में भारतीय जनता पार्टी की ओर से समरस विजय संकल्प रैली का आयोजन किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित अन्य मंत्रीगण रैली को सम्बोधित करेंगे और भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह के पक्ष में मतदान की अपील करेंगे। उन्होंने बताया कि रैली की सफलता के लिए तीन टीमें बनाई गई है, जो हल्के के विभिन्न गांवों तथा शहरी क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाएगी। इन टीमों में चेयरमैन ईश्वर मालवाल, सुरेंद्र मंडा, अजय गावड, संजीव गंगवा, रविंद्र गंगवा, मंडल अध्यक्ष भूपसिंह खिचड, बलजीत फोगाट, अंवेश यादव आदि शामिल है।

### अवैध शराब बनाते एक आरोपी को पकड़ा

**बरवाला।** गांव बधावड़ स्थित खेतों में बने कोठे में भट्टी लगाकर अवैध रुप से शराब बनाने वाले एक व्यक्ति को शराब बनाने के उपकरणों समेत गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान बधावड़ निवासी सुरेंद्र के रुप में हुई है। सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति गांव बधावड़ से सरहेडा रोड की तरफ लगते अपने खेत मे बने कोठा में भट्टी लगाकर कच्ची शराब निकाल रहा है। अगर तुरंत तौर पर छापेमारी की जाए तो अवैध रुप से शराब बनाने वालों को गिरफ्तार किया जा सकता है।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में गिरफ्तार

**हिसार।** थाना अर्बन एस्टेट पुलिस ने एक सप्ताह पूर्व शीश महल के बाहर पार्किंग से मोटरसाइकिल चोरी के मामले में खेदड़ निवासी विकास उर्फ कालिया को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही नवीन कुमार ने बताया कि इस संबंध में अंबेडकर कॉलोनी निवासी रोहतास ने शीश महल के सामने पार्किंग से उसकी मोटरसाइकिल चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। इसी मामले में पुलिस ने आरोपी विकास उर्फ कालिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी आदतन चोरी की वारदातें करता है। उस पर चोरी और छीना झपटी के अनेक केस दर्ज हैं।

### दिव्य-सुदर्शन क्रिया का साप्ताहिक फॉलोअप हुआ

**हिसार।** आर्ट ऑफ लिविंग की हिसार इकाई की ओर से रविवार को श्री श्री रविशंकर की पवित्र वाणी में वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित श्वसन तकनीक दिव्य-सुदर्शन क्रिया का साप्ताहिक फॉलोअप का आयोजन किया गया। यह सत्र दो स्थानों भारत माता मंदिर एवं आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस सेंटर में आयोजित किए गए जिनका संचालन प्रमोद कुमार एवं साक्षी अग्रवाल ने किया। स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बेहतर स्वास्थ्य के लिए श्री श्री रवि शंकर द्वारा दिए गए कुछ खास टिप्स सांझा किए। उन्होंने कहा कि भोजन में संतुलित करें अम्लीय (एसिडिक) और क्षारीय (एल्कलाइन) पदार्थों की मात्रा। उन्होंने बताया कि गुरुदेव कहते हैं कि हम लोग जो भोजन करते हैं वह बहुत ज्यादा एसिडिक होता है।

## मानव परिवारों में आज कराह रही मानवता : डॉ. आचार्य

# 'लाखों दीवानों ने गर्दन कटवाई थी सच कहता हूं तब ही आजादी आई थी'

### आर्य समाज, मॉडल टाउन में वेद कथा धूमधाम के साथ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार





**हिसार।** आर्य समाज, मॉडल टाऊन में चल रही वेद कथा में प्रवचन देते डॉ. पुनीत आचार्य व उपस्थित लोग।

आर्य समाज, मॉडल टाऊन में चल रही पांच दिवसीय वेद कथा रविवार को धूमधाम के साथ सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः हवन से हुई। कर्मवीर, कृष्ण कुमार खुराना, ध्रुव अहलावत, सुमन बत्रा, साधना मेहता, कंचन डुडेजा ने यजमान बनकर यज्ञ में आहुतियां दी। जिस घर में हो प्यार, हो पितरों का सत्कार। खुश रहते हो नर-नार, वह घर कितना सुंदर है। जिस घर में पाप छल से आती ना हो कमाई, विष के समान समझे जो संपदा पराई। इस घर में सुख और आनंद होता है... यह भजन सुना कर यज्ञ ब्रह्मा आचार्य सूर्यदेव वेदांशु ने यजमानों को आशीर्वाद दिया। हवन उपरांत आयोजित सत्संग सभा में बिजनौर से आये भजनोपदेशक पं. मोहित शास्त्री ने लाखों दीवानों ने गर्दन कटवाई थी, सच कहता हूं तब ही आजादी आई थी... भजन सुनाकर सभी को देश प्रेम का संदेश दिया। मेरठ से आए मुख्य वक्ता डॉ. पुनीत आचार्य ने गृहस्थ कल्याण का उपदेश देते हुए कहा कि मानव परिवारों में आज मानवता कराह रही है।

हमें अपना प्रेम, स्नेह, समर्पण भाव से अपने परिवारों में भाईचारा स्थापित करने की आवश्यकता है। जिस घर में नारी का सम्मान होता है, वहां सदैव लक्ष्मी का वास होता है। उसी घर में सुख और आनंद होता है। कार्यक्रम की समाप्ति पर ऋषिभोज दिया गया। सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर जगदीश प्रसाद आर्य, रामकुमार रावलवासिया, पवन रावलवासिया, गंगादत अहलावत, वीरेन्द्र आर्य, रामपाल आर्य, एडवोकेट आनन्द गर्ग, एडवोकेट सुरेंद्र बेरवाल, एडवोकेट राज वर्मा, बनारसी दास रावलवासिया, सुरेश गर्ग, जय कुमार बंसल, हरीश बुड़ाकिया, मनोज माहेश्वरी, राकेश आर्य, शिवदान सिंह आर्य, चमन लाल नारंग, निर्मला देवी, सविता वेदांशु, सुमन बत्रा, कंचन डुडेजा, रेखा गौतम, सुनीता सहारण, वीना वासुदेवा, प्राची वर्मा, शिवानी सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।



**हिसार।** गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ी अर्पिता का स्वागत करते गुरूजन, प्रशिक्षण व गांव के गणमान्य व्यक्ति। *फोटो: हरिभूमि*

## बालक की खिलाड़ी अर्पिता ने जीता गोल्ड मैडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला

गांव बालक में स्थित रिद्धनाथ वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की खिलाड़ी अर्पिता ने बिहार में आयोजित सब जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप में गोल्ड मैडल जीतकर विद्यालय, अपने प्रशिक्षकों व माता-पिता का मान सम्मान बढ़ाते हुए नाम रोशन किया है। फाइनल मुकाबला राजस्थान और हरियाणा की टीम के बीच हुआ जिसमें अर्पिता प्लेइंग टीम का हिस्सा रही और उसने हरियाणा को जीत दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। अर्पिता बहुत ही बेहतरीन खिलाड़ी है जो छोटी सी उम्र में कबड्डी खेल में बड़े-बड़े रिकॉर्ड बना रही है। छोटी सी उम्र में ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है। इसके प्रशिक्षक महावीर सिंह भ्यान, सुखबीर सिंह भ्यान, संदीप सिंह पूनियां व सतीश कुमार पूनिया बच्चों को पूरे दमखम के साथ आगे बढ़ाने का कार्य करवा रहे हैं। रिद्धनाथ वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बालक की खिलाड़ी अर्पिता जब बिहार से गोल्ड मैडल लेकर लौटी और जब वो अपने विद्यालय में पहुंची तो वहां पर इसके गुरुजनों, प्रशिक्षकों, माता-पिता और विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अर्पिता के सम्मान में अपनी आंखें बिछा दी।

### नए-नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए प्रेरित किया

डायरेक्टर साधुराम रेड्डू ने गोल्ड मेडल विजेता अर्पिता और उसके माता-पिता को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी और आगे भी इसी तरह से नए-नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर भ्यान खाप के उपप्रधान बलवंत सिंह, महावीर सिंह फौजी व मैनेजर जगदीप रेड्डू समेत गांव के सरपंच, पूर्व सरपंच समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## योग प्राणायाम से मिलती शरीर को ऊर्जा

■ कन्या गुरुकुल डोभी में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार




**हिसार।** कन्या गुरुकुल डोभी में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर योगा करती छात्राएं।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर करो योग रहो निरोग के साथ कन्या गुरुकुल डोभी में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। कार्यक्रम नेहरू युवा केन्द्र हिसार एवं आजाद हिन्द युवा क्लब गांव किरतान के सहयोग से कन्या गुरुकुल डोभी प्रांगण में किया गया।

इस मौके पर क्लब प्रधान कपूर सिंह ने कहा कि योग प्राणायाम से व्यक्ति को उर्जा मिलतीं है। वर्ष 1950 में पहली बार विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया था। उस समय ज्यादातर अंग्रेजी दवाइयों का प्रयोग नहीं के बराबर था और योग प्राणायाम के माध्यम से ही लोगों को अपना शरीर स्वस्थ रखने का सबसे उत्तम तरीका था। समय बदला और आलस्य अधिक हो गया और शारीरिक मेहनत कम होने लगी। इस परिणाम से रोग भी बढने लगे। उन्होंने बताया कि लोग अब सुबह जल्दी उठने की कोशिश नहीं करते। अगर हम सुबह उठकर योग आसन करें तो हमारा शरीर बहुत स्वस्थ रह सकता है।

कोई योग आसन क्रिया नहीं करते हैं इसीलिए शरीर रोग ग्रस्त हो जाता है। इस दौरान गुरुकुल के बच्चों ने योग के विभिन्न आसन किए। कार्यक्रम में इस मौके पर प्राचार्य विद्योतमा आर्य, अध्यापिका अंजू, ममता आर्य, माता भुला देवी, शिवानी, अंतिम, नेहा, आयशा, आरोही, आरुषि, राधिका, नारायणी, हर्षिता, हिमांशु, कुमकुम, कनिष्का, आर्या सिंह, प्रोमिल आर्य, दीपिका आदि मौजूद थे।

### कमल बने भाजपा कला सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य

**हिसार।** रागनी, गीत और भजन लेखक कमल सिंह पुट्ठी को भाजपा ने कला एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया है। कमल सिंह हिसार जिले के गांव पुट्ठी



सैमाण गांव के रहने वाले है और उनका गांव महम क्षेत्र के साथ सटा हुआ है। उनका न केवल हिसार व रोहतक जिले में प्रभाव है, बल्कि वे पूरे हरियाणा में अपनी एक खास पहचान रखते हैं। उनकी नियुक्ति से पार्टी को काफी फायदा होगा। कमल सिंह ने इस महत्वपूर्ण पद पर अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा अन्य पदाधिकारियों का आभार किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी की तरफ से उन्हें जिस उम्मीद के साथ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर जिम्मेवारी दी गई है, उस पर वे खरा उतरने की हर संभव कोशिश करेंगे।

## लिख पंजाबी बोल पंजाबी सोहनी ते अनमोल पंजाबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** बच्चों को गुरमुखी लिपि तख़्ती भेंट करते पंजाबी भाषा अध्यापक गौरव भुटानी व ललिता धींगड़ा। *फोटो: हरिभूमि*

नागोरी गेट स्थित गुरुद्वारा साहिब में समाजसेविका ललिता ढींगरा द्वारा पंजाबी भाषा की क्लास बच्चों को दी जा रही हैं ताकि बच्चे गुरमुखी से जुड़े। बाबा बंदा सिंह बहादुर स्टडी सर्कल रानी बाग दिल्ली से जुड़े सेवक सरदार भूपेन्द्र सिंह ने इसकी प्रशंसाा करते हुए पंजाबी भाषा अध्यापक गौरव भुटानी को बच्चों को पंजाबी भाषा के लिए प्रेरित करने के लिए कहा है।

पंजाबी भाषा अध्यापक गौरव भुटानी ने बच्चों को गुरुमुखी भाषा को अपने जीवन में अपनाने के लिए कहा और बताया कि पंजाबी भाषा गुरु ग्रंथ साहिब जी से जुड़ने का रास्ता तैयार करती है। जिस तरह एक शहंशाह अपनी पौशाक व एक फकीर अपनी पौशाक में ही शोभनीय होता है, उसी तरह गुरु ग्रंथ साहिब जी भी गुरमुखी लिपि में ही शोभनीय हैं। बेशक इनके गुटके हिन्दी व अंग्रेजी में भी आसानी से मिल जाते हैं लेकिन गुरमुखी इतनी भी मुश्किल नहीं कि सीखी ना जा सके। पंजाबी भाषा रोजगार भी दे सकती है। गौरव भुटानी ने कहा कि सभी भाषाएं अपना महत्व रखती हैं क्योकि भाषा समाज को जोड़ने का कार्य करती है। गुरबानी की एक पंक्ति ह्रकेतिया खानी केतिया बानीह्र के अनुसार उस अकाल शक्ति ने कितनी ही भाषाओं का निर्माण किया है। हमारा फर्ज है कि हम हमारे गुरुओ व पूर्वजों की विरासत को सम्भाल कर रखें। गौरव भुटानी ने बाबा बंदा सिंह बहादुर स्टडी सर्कल के सहयोग से वहां मौजूद 50 बच्चों को गुरमुखी लिपि तख़्ती भेंट की व गुरू ग्रन्थ साहिब जी का शुकराना अदा किया।



**हिसार।** दीवार को सुंदर बनाने का अभियान चलाते हमारा प्यार हिसार के पदाधिकारी।

## हमारा प्यार हिसार की टीम ने बदरंग दीवार को बनाया सुंदर

**हिसार।** हमारा प्यार हिसार की टीम ने रविवार को सिटी थाने की एक दीवार पर टेराकोटा पेंट किया। इस दीवार पर ग्रुप द्वारा पिछले हफ्ते से सफाई और पेंट का कार्य जारी है। चूंकि दीवार बड़ी है, इसलिए उस पर टेराकोटा लगाने का कार्य टीम ने आज भी जारी रखा गया। इस दीवार पर दो साल पहले भी पेंट किया गया था लेकिन लोगों ने पोस्टर्स चिपका—चिपका कर इसे फिर से गंदा कर दिया था। टीम के सदस्यों ने रोड पर खंभों व दीवारों पर लगे बोर्ड व पोस्टर्स भी उतार दिए और सफाई में अपना योगदान दिया। अभियान में डॉ. सुरेन्द्र गर्ग, डॉ. हरीश भाटिया, त्रिलोक बंसल, जितेंद्र सैनी, डॉ. विजय कादियान, मनीष गोयल, गगन मेहता, जितेन्द्र बंसल, सत्येंद्र यदुवंशी, दिनेश बंसल, संजय गर्ग, प्रवीण अग्रवाल, अमित गुप्ता, लक्ष्य शर्मा, कुशल, ईशान गोयल, कमल भाटिया, आदेश मलिक, पायल सिंघा, रेखा गर्ग, स्नेह प्रेमचंद, हीना गोयल, दीक्षा, खुशी, कीर्ति गोयल, ईशा बिष्ट, राघव, राघव गर्ग, स्पर्श, अर्पित, रिया व मेघा शामिल हुए।

## बिना मान्यता के कोई भी प्ले स्कूल चलाने की इजाजत नहीं : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

■ वूमेन एंड चाइल्ड विभाग द्वारा प्ले स्कूल संचालकों को सीपीओ सुनीता यादव ने दी हिदायत

चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर सुनीता यादव ने एचसीडीए के बैनर तले प्ले स्कूल के संचालकों की एक बैठक ली। इसमें लगभग 40 प्ले स्कूल के संचालकों ने भाग लिया। सुनीता यादव ने प्ले स्कूल संचालकों को मान्यता लेने के निर्देश दिए और बताया कि बिना मान्यता के कोई भी प्ले स्कूल चलाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। इस बैठक के माध्यम सुनीता यादव ने सभी प्ले स्कूल संचालकों को मान्यता के लिए पूरी परिक्रिया बताई। साथ ही साथ यह भी बताया की 30 अप्रैल तक सभी प्ले स्कूल संचालकों को मान्यता के लिए परिक्रिया को अपनाना अनिवार्य है। इस अवसर पर एचडीएफसी कमेटी के संरक्षक अभिषेक कौशिक व प्रधान पंकज गुप्ता ने आए स्कूल संचालकों को आश्वासन दिया कि मान्यता परिक्रिया के लिए कमेटी पूरा सहयोग करेगी। इस मौके पर एचडीएफसी कमेटी मेंबर जिसमें पंकज गुप्ता, अभिषेक कौशिक, सौरभ गोयल, परमवीर अहलावत और राजेश डूडी एवं स्कूल के संचालक मौजूद रहे जिसमे किड्स केयर प्ले स्कूल, डिज्नी डैजेल, एपल प्ले स्कूल, बचपन स्कूल, पैलेडियम जूनियर, एसएम लिटिल एंजल आई बर्ड स्कूल आदि स्कूलों के डायरेक्टर मौजूद रहे।




**हिसार।** बैठक में निर्देश देती चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर सुनीता यादव। फोटो: हरिभूमि



## नलवा स्कूल में स्वयंसेवकों ने जाने उत्तम स्वास्थ्य के उपाय

**हिसार।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नलवा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने बीसी जिंदल फाउंडेशन के सहयोग से गांव के सामुदायिक केंद्र में स्वयंसेवकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम अधिकारी अशोक वशिष्ठ ने विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम, विश्व स्वास्थ्य संगठन के गठन, किए जाने वाले कार्यों, गतिविधियों, उत्तम स्वास्थ्य के लिए किए जाने वाले उपायों की जानकारी विस्तार से दी। डॉ. दिवाकर व डॉ. उपकार ने स्वयंसेवकों के स्वास्थ्य की जांच व सामान्य टेस्ट किए। उन्होंने स्वास्थ्य रक्षा के लिए स्वस्थ आदतें अपनाने, नशे से दूर रहने, संतुलित भोजन करने, नियमित व्यायाम करने, सकारात्मक सोच रखने का आह्वान किया। उन्होंने शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में भाग दौड़ भरे जीवन में तनाव मुक्त रहने के अनेक सूत्र समझाए जिन्हें स्वयंसेवक अपने घर परिवार व आस-पड़ोस में बताकर लोगों को जागरूक करेंगे। प्रार्थना सभा में सभी छात्रों ने स्वास्थ्य के लिए योग प्राणायाम का महत्व जाना तथा विभिन्न प्रकार के आसनों का अभ्यास किया। प्रवक्ता वीरेंद्र बडाला ने विद्यार्थियों के लिए विशेष आसनों व प्राणायाम की जानकारी दी।इस अवसर पर अंशुल, कृष्ण, सूरज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### नई सड़क पर अव्यवस्था का आलम, राहगीर परेशान



**हिसार।** ओल्ड ओवरब्रिज रेलवे रोड पर बनाई गई नई सड़क पर अव्यवस्था का आलम है। रेलवे स्टेशन पर जाने और आने वाले यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। नई सड़क पर तराई के लिए मिट्टी और पानी डाला गया है लेकिन कहीं-कहीं मिट्टी का बांध खत्म होकर पानी साइड में दुकानों के आगे जमा हो गया है लेकिन सड़क बनाने वाले इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे। दुकानदारों ने इस नई सड़क के दोनों तरफ आने जाने के लिए व्यवस्था बनाने की मांग की है ताकि दुकानदारी प्रभावित न हो।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 9315429403, 9253681005

### वर्ष 2018 बैच के 67 नव-प्रशिक्षित स्नातक विद्यार्थियों ने ली शपथ

# पशु-चिकित्सा एक चुनौतीपूर्ण व्यवसाय : डॉ. वर्मा

■ लुवास में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** समारोह में शपथ लेते नव-प्रशिक्षित स्नातक विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा महाविद्यालय के वर्ष 2018 बैच के 67 नव-प्रशिक्षित स्नातक विद्यार्थियों के लिए शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इनमें 21 छात्राएं और 46 छात्र शामिल रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा मुख्य अतिथि एवं आईपीवीएस निदेशक डॉ. एसपी दहिया, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. पवन कुमार मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गुलशन नारंग ने की। दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ समारोह की शुरुआत की गई। इसके बाद नव-प्रशिक्षित स्नातकों को पशु-चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गुलशन नारंग ने शपथ दिलाई। शपथ समारोह के बाद मुख्य अतिथि द्वारा नव-प्रशिक्षित स्नातक विद्यार्थियों को इंटर्नशिप कंप्लीशन सर्टिफिकेट वितरित किये गए।

### सीखना एक निरंतर प्रक्रियाः कुलपति

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने नव-प्रशिक्षित स्नातक छात्रों को कहा कि उनकी शिक्षा यहीं खत्म नहीं हुई है, आप लोग आगे भी अपने ज्ञान में लगातार वृद्धि करते रहना है क्योंकि सीखना एक निरंतर प्रक्रिया है। समय तथा स्थान के मुताबिक अपने आप को अपडेट करना भी बहुत आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की पशु चिकित्सक आज के समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है व पशु-चिकित्सा एक चुनौतीपूर्ण व्यवसाय है। नव-प्रशिक्षित स्नातक विद्यार्थियों को इसे इसी परिप्रेक्ष्य में पूरा करना है। आपने इस पाठ्यक्रम में जो वैज्ञानिक ज्ञान और कौशल हासिल किया है, उसका प्रयोग समाज की उन्नति के लिए करना है और अपने कार्यस्थल पर ड्यूटी का निर्वहन ईमानदारी से करना है ताकि वे समाज को अच्छी सेवाएं दे सके। डॉ. वर्मा ने कहा कि हमारा व्यवसाय भारतीय अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है और हमें चाहिए कि हम उद्यमिता की तरफ ध्यान दे।

### नव-प्रशिक्षित स्नातक छात्रों को दी बधाई

पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गुलशन नारंग ने नव-प्रशिक्षित स्नातक छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले समय में उन्हें एक परिपक्व पशु-चिकित्सक की तरह प्रदेश के पशुधन की सेवा करनी है जिससे कि विश्वविद्यालय का नाम रोशन हो। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में आपको समाज की अगुवाई करनी है। उम्मीद है पशु चिकित्सा की पढ़ाई खत्म होने के बाद, अब आप पशुपालकों, समाज, राज्य तथा देश की उन्नति के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।